अनुचित रीति से भोज में भाग लेना

''इसी लिए जो कोई अनुचित रीति से प्रभु की रोटी खाए, या उसके कटोरे में से पीए, वह प्रभु की देह औश्र लोहू का अपराधी ठहरेगा। इसलिए मनुष्य अपने आप को जांच ले और इसी रीति से इस रोटी में से खाए, और इस कटोरे में से पीए। क्योंकि जो खाते-पीते समय प्रभु की देह को न पहिचाने वह इस खाने और पीने से अपने ऊपर दण्ड लाता है। इसी कारण तुम में बहुतेरे निर्बल और रोगी हैं, और बहुत से सो भी गए'' (1 कुरिन्थियों 11:27-30)।

मसीही लोगों के रूप में उस भोज को लेने के लिए जिसकी स्थापना मसीह ने की, मेज़ के गिर्द इकट्ठा होने के समय हम यीशु की मृत्यु की एक गम्भीर यादगार में शामिल होते हैं। पौलुस ने लिखा, ''क्योंकि जब कभी तुम यह रोटी खाते, और इस कटोरे में से पीते हो, तो प्रभु की मृत्यु को जब तक वह न आए, प्रचार करते हो'' (1 कुरिन्थियों 11:26)। इस भोज को मनाते हुए हमारे कार्य कलीसिया की एकता को दर्शाते हैं, हमारी उपस्थिति उस उद्धार की घोषणा करती है जो हमें मिला है और हमारा मनन करना यीशु की बलिदानपूर्वक मृत्यु की घोषणा करता है।

आरम्भिक मसीही इस भोज में प्रत्येक सप्ताह के पहले दिन इकट्ठा होने पर लेते थे (देखें इब्रानियों 10:25; 1 कुरिन्थियों 16:1, 2)। वे इसे परमेश्वर की अपनी आराधना के भाग के रूप में निरन्तर खाते और पीते थे। 1 कुरिन्थियों 11 अध्याय में कुरिन्थियों को अपनी डांट में पौलुस ने संकेत दिया कि उन्हें सप्ताह के पहले दिन लगातार इकट्ठा होते समय हर बार इस भोज को लेना है (प्रेरितों 20:7; 1 कुरिन्थियों 11:20)।

कुरिन्थुस के लोग इस भोज में भाग लेते हुए इसे उचित रूप में लेने में नाकाम रहे थे। उनके कामों के कारण प्रेरित की ओर से अच्छी खासी डांट मिली थी: ''सो तुम जो एक जगह में इकट्ठे होते हो तो यह प्रभु भोज खाने के लिए नहीं। क्योंकि खाने के समय एक-दूसरे से पहिले अपना भोज खा लेता है, सो कोई तो भूखा रहता है, और कोई मतवाला हो जाता है'' (1 कुरिन्थियों 11:20, 21)। पौलुस की डांट में हम भोज की गम्भीरता को, इसके दुरुपयोग की त्रासदी को और मसीही व्यक्ति के आत्मिक जीवन के लिए इस भोज की अनिवार्यता को देखते हैं। भोज में अनुचित रीति से भाग लेने पर नये नियम की कठोर बातों में से एक 1 कुरिन्थियों 11:27 में मिलती है: ''इसी लिए जो कोई अनुचित रीति से प्रभु की रोटी खाए, या उसके कटोरे में से पीए, वह प्रभु की देह और लोहू का अपराधी ठहरेगा।''

हम सब को ''अनुचित रीति'' शब्दों के प्रभाव पर गहराई से विचार करना चाहिए। यूनानी भाषा में केवल यह एक शब्द, *anaxios*, है जो भोज लिए जाने के ढंग को संशोधित करने वाला क्रिया विशेषण है। यह आचरण से सम्बन्धित है। NASB में भी स्पष्टता के लिए इसे दो अंग्रेज़ी शब्दों ''unworthy manner'' के साथ अनुवाद किया गया है। इस संदर्भ से लिखते हुए हम अनुचित रीति से भोज में भाग कैसे ले सकते हैं?

गलत उद्देश्य से

हम गलत उद्देश्य के साथ भाग लेकर अनुचित रीति से भोज लेते हैं। भोज का एक मुख्य डिज़ाईन है यानी इसे प्रभु की मृत्यु के स्मरण के रूप में खाया जाना है। पौलुस ने बताया, ''क्योंकि जब कभी तुम यह रोटी खाते, और इस कटोरे में से पीते हो, तो प्रभु की मृत्यु को जब तक वह न आए, प्रचार करते हो'' (1 कुरिन्थियों 11:26)। ऐसा प्रचार हम केवल तभी कर सकते हैं जब हम उसकी देह को जो हमारे लिए दी गई थी स्मरण करते हैं और उसके लहू पर ध्यान करते हैं जो हमारे पापों के लिए बहाया गया था।

गलत प्राथमिकता से

अनुचित रीति से भाग हम गलत प्राथमिकता से लेने पर करते हैं। कुरिन्थुस के मसीही लोग अपने प्रीति भोज को अर्थात शारीरिक भोजन को जिसे वे मिलकर खा रहे थे, प्रभु भोज से बढ़कर प्राथमिकता दे रहे थे। उनके मन पहले से भरे हुए थे। निश्चय ही यह कहते हुए कि ''क्योंकि खाने के समय एक-दूसरे से पहिले अपना भोज खा लेता है, सो कोई तो भूखा रहता है, और कोई मतवाला हो जाता है'' (1 कुरिन्थियों 11:21)। पौलुस का अभिप्राय यही था। उनकी पेट, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं और स्वार्थ ने इन मसीही लोगों को भटका दिया था। वे अपनी ही मर्ज़ी के साथ खा रहे थे न कि प्रभु की मर्ज़ी से। ऐसी सोच में वे भक्ति, चिन्तन और यीशु की मृत्यु पर ध्यान लगाते हुए उसे आज्ञा के अनुसार याद नहीं रख रहे थे।

गलत सोच

अनुचित रीति से हम खाते और पीते तब हैं जब अपने मनों में विद्रोह वाली सोच के साथ भोज में आते हैं। प्रभु भोज हम उस सब के लिए आभार जताने की अनुमति देता है जो यीशु ने हमारे लिए किया है, पर यह यीशु की अगुआई के लिए समर्पण करने का कार्य भी है। उसने भोज की स्थापना की। वह इस दौरान हमारे साथ सहभागिता करता है। वह अपने सामने हमारे खाते और पीते हुए उसकी मृत्यु के लिए हमारे आभार को स्वीकार करता है। कोई आज्ञाकार मसीही जानबुझकर इस भोज को त्यागेगा नहीं।

सारांश

तो हम देखते हैं कि व्यक्ति इस संदर्भ के अनुसार ''अनुचित रीति से'' भोज में भाग तब लेता है जब उसका उद्देश्य सही न हो, उसके मन का समर्पण न हो या उसके मन में पहले से कुछ हो।

भोज में भाग लेने पर आत्मनिरीक्षण का होना आवश्यक है। पौलुस ने कहा, ''इसलिए मनुष्य अपने आप को जांच ले और इसी रीति से इस रोटी में से खाए, और इस कटोरे में से पीए'' (1 कुरिन्थियों 11:28)। भोज में भाग लेते हुए हमें अपने मंशाओं, अपने उद्देश्य और अपने कामों की जांच कर लेनी चाहिए कि क्या हम प्रभु की देह और लहू को याद कर रहे हैं या नहीं। जब हम छिछोरेपन से, बिना सोचे, लापरवाही से, इसमें भाग लेते हैं तो वह हमें कठोर दण्ड देता है-''क्योंकि जो खाते-पीते समय प्रभु की देह को न पहिचाने वह इस खाने और पीने

से अपने ऊपर दण्ड लाता है'' (1 कुरिन्थियों 11:29)।

''सो तुम जो एक जगह में इकट्ठे होते हो तो यह प्रभु भोज खाने के लिए नहीं। क्योंकि खाने के समय एक-दूसरे से पहिले अपना भोज खा लेता है, सो कोई तो भूखा रहता है, और कोई मतवाला हो जाता है। क्या खाने पीने के लिए तुम्हारे घर नहीं? या परमेश्वर की कलीसिया को तुच्छ जानते हो, और जिन के पास नहीं है उन्हें लज्जित करते हो? मैं तुम से क्या कहूं? क्या इस बात में तुम्हारी प्रशंसा करूं? मैं प्रशंसा नहीं करता'' (1 कुरिन्थियों 11:20-22)।